प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी भोपाल

दिनांक 17.02.2024 समय: 7.10 PM

**मुख्य समाचार...**

- भोपाल में पहली बार 25 फरवरी को होगी प्रवासी मध्यप्रदेश समिट, 'फ्रेंडस् ऑफ एमपी' समूह के सदस्य होंगे शामिल ।
- सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने के बारे में सोशल मीडिया पर किए जा रहे झूठे दावों से बचने की दी सलाह ।
- परीक्षा पे चर्चा में कई जाने माने खिलाडियों ने तनाव से निपटने के उपाय किए साझा ।
- प्रदेश में कड़ाके की ठंड से मिली राहत, 20 फरवरी तक दिन के तापमान में होगी बढ़ोतरी ।

**प्रवासी मध्यप्रदेश समिट**

भोपाल में पहली बार आयोजित होने जा रहे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में पहली बार "प्रवासी मध्यप्रदेश समिट" का आयोजन 25 फरवरी को किया जाएगा। पेश है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट:

**सीबीएसई अफवाह**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-सीबीएसई ने अभिभावकों एवं छात्रों से आग्राह किया कि वे कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के बारे में सोशल मीडिया पर किए जा रहे झूठे दावों के प्रति सतर्क रहें। सीबीएसई ने कहा कि बोर्ड सक्रिय रूप से निगरानी कर रहा है और गलत सूचना फैलाने के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्व सोशल मीडिया पर बोर्ड की परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होने और प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने के दावे कर रहे हैं। सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं शनिवार से शुरू हो गई हैं और यह चार अप्रैल को समाप्त होंगी।

**रेलवे- उपाय**

उत्तर रेलवे ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए उपाय किए हैं। रेलवे ने कहा है कि प्रयागराज जाने वाली सभी विशेष ट्रेनें प्लेटफॉर्म नंबर 16 से रवाना होंगी। यात्रियों का प्रवेश और निकास अजमेरी गेट की तरफ से होगा। सभी प्लेटफॉर्म से नियमित ट्रेनें चलती रहेंगी। इसके अलावा, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। उत्तर रेलवे आज भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पांच विशेष ट्रेनें चलाएगा।

**प्रधानमंत्री आवास योजना**

प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी प्रथम चरण में मध्यप्रदेश अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन से देश में दूसरे स्थान पर रहा है। पहले चरण में 9 लाख 45 हजार आवासों में से वर्तमान में 8 लाख 33 हजार आवास पूर्ण किये जा चुके हैं। प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत शहरी क्षेत्र में अगले 5 वर्षों में आर्थिक रूप से कमजोर और मध्यम आय वर्ग के हितग्राहियों के लिये 10 लाख आवासों का निर्माण किया जायेगा। इन आवासों के निर्माण में 50 हजार करोड़ रूपये का निवेश होगा। इस राशि में केन्द्र और राज्य सरकार की ओर से दी जाने वाली अनुमानित अनुदान राशि 23 हजार 25 करोड़ रूपये प्रदान किये जाने की स्वीकृति दी गई है।

**महापौर सम्मेलन**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नगरीय निकायों के आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने पर जोर देते हुए कहा कि इन निकायों का राजस्व बढ़ने पर सरकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को बेहतर तरीके से अमली जामा पहनाया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री आज अखिल भारतीय महापौर परिषद की राज्य इकाई की इंदौर में आयोजित बैठक को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये संबोधित कर रहे थे। यादव ने कहा कि नगरीय निकायों को अपना राजस्व बढ़ाने के वास्ते आय के नये स्रोत खोजने होंगे।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि शहरी निकायों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए महापौरों को साहसिक कदम उठाने पड़ेंगे। महापौर परिषद की राज्य इकाई के अध्यक्ष और इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि बैठक में 16 नगरीय निकायों के 13 महापौर शामिल हुए।

**मुख्यमंत्री मुरैना**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज मुरैना के दौरे पर थे. वे राष्ट्रीय चंबल घडिय़ाल अभ्यारण्य पहुंचे। इस दौरान वह 10 घडिय़ालों को चंबल नदी में छोड़े गए। चंबल क्षेत्र में पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी मुख्यमंत्री ने कई अहम निर्णय किए।

इससे पहले उन्होंने बैरियर चौराहे पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया । इस दौरान उन्होंने कहा कि अटल जी लोक तंत्र के सच्चे नायक थे। उनका कद इतना बढ़ा था कि पद छोटा पड़ जाता था। उन्होंने सिर्फ देश मे ही बल्कि विश्व भर

मे भारत का मान-सम्मान बढ़ाया है। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, महापौर शारदा सौलंकी सहित अन्य कई नेता मौजूद थे।

**परीक्षा पे चर्चा**

परीक्षा पे चर्चा 2025 के सातवें एपिसोड में मुक्केबाज और ओलम्पिक पदक विजेता मैरी कॉम, पैरालम्पिक की स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अवनि लेखरा और भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सुहास लालिनाकेरे यथिराज ने परीक्षा के तनाव से निपटने संबंधी उपाय साझा किए। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सुहास लालिनाकेरे यथिराज ने मनोरंजक गतिविधियां की और जीवन की नकारात्मकता से उबरने के लिए एक उपाय साझा किया।

परीक्षा पे चर्चा एपिसोड का वीडियो साझा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश के खिलाड़ी अपने लचीलेपन, एकाग्रता और जीतने की मानसिकता से विद्यार्थियों को प्रेरित करते हैं।

**मौसम**

प्रदेश में 20 फरवरी तक दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। फिलहाल प्रदेश में कड़ाके की ठंड से राहत मिल गई है। रात में 17 डिग्री तो दिन में पारा 34 डिग्री के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज से नया पश्चिमी विक्षोप पश्चिमी हिमालय की तरफ सक्रिय होने की संभावना है। इस वजह से 2-3 दिन बाद प्रदेश में भी दिन-रात के तापमान में फिर से गिरावट होने का अनुमान है।

**महाकुंभ-स्वच्छ सुजल गांव**

प्रयागराज में महाकुंभ में 40 हजार वर्ग फीट के क्षेत्र में फैले स्वच्छ सुजल गांव विभिन्न सरकारी पहलों के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के ग्रामीण परिदृश्य में आए बदलाव को प्रदर्शित कर रहा है। यहां आने वाले पर्यटकों को इन गांवों में राज्य की सफलता की झलक देखने को मिल रही है। इनमें राज्य सरकार के ऐतिहासिक सुधारों से बदलते गांवों को दिखाया गया है।

**समाचार संक्षेप में...**

- खंडवा में दस्तक अभियान का द्वितीय चरण कल से प्रारंभ होने जा रहा है, जो 18 मार्च तक चलेगा।

- केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर के चार प्राध्यापक थाईलैंड में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार में शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे।
- बैतूल में परीक्षाओं के मद्देनजर डीजे और लाउडस्पीकर के खिलाफ विशेष अभियान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं ।
- जबलपुर में भी आज से तीन दिन तक गिद्धों की गणना होगी। गिद्धों की गणना और संरक्षण के लिए वन विभाग ने पहले से तैयारियां कर लीं थीं।
- एनएसयूआई ने आज नर्सिंग छात्र-छात्राओं की परेशानी को लेकर राज भवन का घेराव किया। बाद में एक प्रतिनिधि मंडल ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा।
- कटनी में प्रयागराज जा रही एक मिनी बस आज एक अन्य वाहन से टकरा गई, जिसमे एक महिला की मौत हो गई और एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए।

-----------------------------------